बरेली, सोमवार
27 दिसंबर 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO : 07 BOTTOM

गुरु-शिष्य की जुगलबंदी से मुस्कुरा उठी रिद्धिमा की शाम

एसआरएमएस रिद्धिमा में कथक प्रस्तुत करते कलाकार • सौ. एसआरएमएस

जासं, बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को भारतीय संस्कृति को दर्शाते लखनऊ घराने के कथक नृत्य को उमंग कार्यक्रम के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर गुरु और शिष्य के बीच जुगलबंदी देखने को मिली, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। रिद्धिमा विद्यार्थियों ने राग यमन पर आधारित गणपति वंदना 'गाइए गणपति जग वंदन' पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की वाहवाही लूटी। इसके बाद राग रूपक और श्रृंगार रस पर आधारित ठुमरी 'निर्तत ढंग' जिसमें गोपियां भगवान श्रीकृष्ण को याद कर नृत्य करती हैं, को विद्यार्थियों ने पेश कर दर्शकों की तालियां बटोरी। शिवांगी और शिवाशीष मिश्रा ने अपनी सुरीली आवाज में गजल प्रस्तुत की। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति आदि मौजूद रहे।